<u>**प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 08/2022)**</u>

<u>**तत्काल प्रकाशन के लिए**</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा (ट्राई) के परामर्श पत्र 'भारत में डेटा केंद्रों, कॉन्टेंट वितरण नेटवर्क और इंटरकनेक्ट एक्सचेंजों की स्थापना के माध्यम से डेटा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नियामक ढांचा' पर टिप्पणियां/ काउंटर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली, 01 फ़रवरी 2022 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 16 दिसंबर 2021 को 'भारत में डेटा केंद्रों, कॉन्टेंट वितरण नेटवर्क और इंटरकनेक्ट एक्सचेंजों की स्थापना के माध्यम से डेटा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नियामक ढांचा' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था । हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी 2022 और काउंटर टिप्पणियों के लिए 27 जनवरी 2022 निर्धारित की गई थी। हितधारकों के अनुरोध पर, टिप्पणियों और काउंटर टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 03 फरवरी 2022 और 17 फरवरी 2022 तक बढ़ा दी गई थी।

2. हाल के दिनों में COVID-19 मामलों में वृद्धि के कारण, हितधारकों से प्राप्त नए अभ्यावेदन को देखते हुए, टिप्पणियों और काउंटर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए लिखित टिप्पणियों और काउंटर टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 10 फरवरी 2022 और 24 फरवरी 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ/ काउंटर टिप्पणियों अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advbbpa@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं, और एक प्रति क्रमशः *jtadvbbpa-1@trai.gov.in* और *jtadvbbpa-3@trai.gov.in* पर भेजे। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए *श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (ब्रॉडबैंड एवं नीति विश्लेषण),* भादूविप्रा से दूरभाष क्रमांक **+91-11-23236119** पर संपर्क किया जा सकता है।

RAGHUNANDAN VARTHAKAVI

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा